## खबर संक्षेप

### बरसाती सीजन से पहले सीवर सफाई अभियान तेज

**पिहोवा।** आगामी बरसाती सीजन को देखते हुए शहर में जलभराव और सीवर जाम जैसी समस्याओं से निपटने के लिए सीवर लाइनों की सफाई का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। नगर पालिका पिहोवा के प्रधान आशीष चक्रपाणि व उप प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा के नेतृत्व में तथा पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से भूपेंद्र सिंह और सुरेश कुमार की अध्यक्षता में शहर के विभिन्न वार्डों और मुख्य मार्गों पर सीवर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान मशीनों और कर्मचारियों की सहायता से बंद पड़े सीवरों की सफाई कर निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है ताकि बारिश के दिनों में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर पालिका की टीम लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर सफाई कार्य की निगरानी भी कर रही है। नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने कहा कि बरसात के मौसम में शहरवासियों को जलभराव और गंदगी की समस्या से राहत दिलाना उनकी प्राथमिकता है।

### 19वीं जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता संपन्न

**कुरुक्षेत्र।** जिला वुशू संघ द्वारा आयोजित 19वी जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम के मुख्यातिथि समाजसेवी महेंद्र कुमार और श्याम बच्चन ने विजेता खिलाड़ियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। सब जूनियर केटेगरी लड़को मे 21 किलो भार वर्ग मे जसप्रीत ने स्वर्ण पदक, गगन ने रजत पदक, विहान ने काँस्य पदक प्राप्त किया। 24 किलो भार वर्ग मे आरव ने स्वर्ण पदक, तनुज ने रजत पदक, वंश ने कांशय पदक जीता। 27 किलो भार वर्ग मे गौतम ने स्वर्ण पदक, नवदीप ने रजत पदक, सागर ने कांस्य पदक जीता। 30 किलो भार वर्ग मे अनुभव ने स्वर्ण पदक, विजय ने रजत पदक,वीर ने कांशय पदक जीता।

### फ्री मेडिकल सेवा देना मानवीय कर्तव्यः डॉ नैन

**पानीपत।** इंडियन नेशनल लोकदल में राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी मिलने के बाद समाज सेवा की दिशा में सक्रिय पहल करते हुए डॉ. नवीन नैन भालसी द्वारा ग्राम भालसी स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में द्वितीय निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित करवाया। वहीं, कैंप में गांव भालसी ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने चिकित्सा सेवाएं ली। इधर, डॉ नवीन ने मेडिकल कैंप का शुभारंभ किया, इस अवसर पर ग्रामीणों ने डॉ. नवीन नैन भालसी का फूलमालओं से जोरदार स्वागत किया। कैंप में रविंद्रा अस्पताल के डॉक्टर ऋषभ नंदा, डॉ आशीष सहगल ने अपनी मेडिकल टीम के साथ ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा।

### रोमानिया में सागर ने जीता ब्रांज मेडल

**समालखा।** यूरोप महाद्वीप के देश रोमानिया में 22 से 24 मई तक आयोजित आठवीं वर्ल्ड क्वानकीड़ो इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भारतीय टीम में शामिल समालखा स्थित यामिन इंटरनेशनल स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी सागर ने कांस्य पदक जीतकर विशेष उपलब्धि हासिल की। इनको बेस्ट फाइटर चुना गया। वहीं, ग्रुप अंक प्रणाली में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

### निगम अधिकारियों ने मौके पर लोगों को समझाकर किया शांत

# बिजली कटों से परेशान ग्रामीणों ने व्यासपुर पावर हाउस में दिया धरना

ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर बड़ा आंदोलन करने की दी चेतावनी, अधिकारियों ने दिया बिजली आपूर्ति को सुचारू का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

बिजली कटों से परेशान होकर ग्रामीणों ने व्यासपुर के पावर हाउस के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार व बिजली निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही मौके पर बिजली निगम के अधिकारियों व पुलिस ने पहुंचकर ग्रामीणों को बामुश्किल समझाकर शांत किया। मौके पर ग्रामीणों ने बिजली निगम के अधिकारियों को गर्मी के दौरान बिजली कट बंद नहीं करने पर दोबारा से बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।व्यासपुर क्षेत्र के गांव कपूरी, मारवा समेत आधा दर्जन गांवों के सैंकड़ों ग्रामीण बीती रात करीब 12 बजे कस्बे के पावर हाउस के समक्ष पहुंच गए और धरने पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान क्षेत्र के ग्रामीण जसबीर, मनोज, कुलदीप, सुरेश, बिट्टू, साहिल व सतबीर आदि ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी पड़ रही है, जिससे लोग दिन और रात दोनों समय परेशान हैं। मगर बिजली निगम द्वारा लंबे-लंबे कट लगाए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। बिजली के कट लगने से छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं गर्मी के कारण बेहाल हो रहे हैं। मगर बिजली निगम बिजली कट लगाकर जनता को परेशान कर रहा है। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।वहीं, ग्रामीणों के धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता समेत अन्य अधिकारी व पुलिस मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को जल्द सुचारू किया जाएगा और अनावश्यक कटौती नहीं होने दी जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और अपने-अपने घर लौट गए। हालांकि ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



यमुनानगर। व्यासपुर में पावर हाउस के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण।

#### रात में जागकर करना पड़ रहा गुजारा

ग्रामीण सुखबीर, सतीश व सुरेंद्र आदि का कहना है कि बिजली कटों के कारण छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवारों के पास इन्वर्टर तक नहीं हैं। ऐसे में बिजली जाते ही उन्हें पूरी रात जागकर गुजारनी पड़ती है। किसानों ने भी बताया कि लगातार बिजली कट लगने से खेतों में लगी फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। पशुपालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि बिजली नहीं होने से पानी की सप्लाई बाधित हो जाती है।ग्रामीणों का आरोप है कि रात के समय कई-कई घंटे बिजली गायब रहती है, लेकिन शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती। उन्होंने कहा कि निगम के हेल्पलाइन नंबरों पर फोन करने के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। इससे लोगों में भारी रोष है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कहा कि गर्मी में घरों में रहना मुश्किल हो गया है।

# गहरे पानी में रील बनाना बन सकता है आफतः एसपी गोयल

- पुलिस अधीक्षक ने युवाओं को सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने की चाह में अपनी जान जोखिम में नहीं डालने के लिए किया आहवान



यमुनानगर। युवाओं को सावधान करते हुए एसपी कमलदीप गोयल।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने के लिए कई युवा गहरे पानी में विभिन्न स्टंट करके अपनी जान जोखिम में डालने लगे हैं। जिला पुलिस प्रशासन ने हाल ही में नदी, नहर और स्विमिंग पूल में रील बनाते समय हुए हादसों को गंभीरता से लेते हुए युवाओं और अभिभावकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। एसपी ने लगातार बढ़ रही घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने की चाह में युवा अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। खासकर नदी, नहर, झील और स्विमिंग पूल जैसे गहरे पानी वाले स्थानों पर खतरनाक तरीके से वीडियो और रील बनाने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। कई मामलों में युवाओं का संतुलन बिगड़ने, गहराई का अंदाजा न होने या तेज बहाव के कारण हादसे सामने आए हैं। ऐसे हादसों में कई युवाओं की जान तक चली गई है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी में युवाओं से सोशल मीडिया पर लाइक और व्यूज पाने के लिए अपनी जिंदगी को खतरे में नहीं डाले जाने की अपील की गई है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि कोई भी रील या वीडियो इंसान की जिंदगी से बढ़कर नहीं हो सकता। गहरे पानी में उतरकर स्टंट करना, पुलों या नहर किनारे वीडियो शूट करना और तैराकी न आने के बावजूद पानी में जाना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने युवाओं के अभिभावकों से भी विशेष सहयोग की अपील की है। उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आहवान किया है।

#### जीवन है अमूल्य

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि जीवन अमूल्य है और थोड़ी सी लापरवाही परिवारों के लिए जिंदगी भर का दुख बन सकती है। इसलिए सभी नागरिक जिम्मेदारी दिखाएं और खतरनाक स्थानों पर रील बनाने से बचें। पुलिस ने युवाओं से सुरक्षित स्थानों पर ही मनोरंजन और वीडियो बनाने की सलाह देते हुए सतर्क रहने का संदेश दिया है।



### केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से युवाओं को नहीं मिल रहा पर्याप्त रोजगार : राकेश टिकैत

**यमुनानगर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि आज केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से युवा वर्ग आक्रोश में है। युवाओं को ना रोजगार मिल रहे हैं और ना ही आमजन को जनविरोधी नीतियों के कारण बढ़ती महंगाई से राहत मिल रही है। उन्होंने उक्त शब्द रादौर में यूनियन के क्रांतिकारी सदस्य रहे सरदार मनमोहन सिंह के निधन पर उनके घर शोक प्रक्ट करने के बाद बातचीत करते हुए कहे। यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि सरदार मनमोहन सिंह औजला लंबे समय से किसान यूनियन से जुड़े हुए थे। हर किसान आंदोलन में वह किसानों के हितों के लिए सक्रिय रूप से भाग लेते थे। उनके निधन से किसान यूनियन ने एक क्रांतिकारी साथी को हमेशा के लिए खो दिया है। जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कोकरेच जनता पार्टी सिस्टम के विरूद्ध युवाओं का आक्रोश है। राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि आज केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है। वहीं, देश में पेपर लीक होने, रोजगार न मिलने, भ्रष्टाचार बढ़ने व बढ़ती महंगाई समेत अनेक मुद्दों को लेकर देश का युवा वर्ग सरकार के विरूद्ध आवाज उठा रहा है। सरकार युवाओं की अनदेखी कर रही है। जिसका खामियाजा सरकार को एक दिन भुगतना पड़ेगा। युवाओं के दम पर अपनी सरकार बनाने वाली भाजपा को युवाओं की अनदेखी महंगी पडेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में राजनीतिक परिवारों को तोड़ने का काम किया है।

### बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाही नहीं बर्दाश्तः वर्मा



**यमुनानगर।** अंबाला मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ने जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में चल रहे बाढ़ राहत कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बाढ़ राहत के कार्यों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों ने मंडल आयुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखी। मौके पर सिंचाई विभाग के अधिकारी, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार तथा एसडीएम बिलासपुर जसपाल सिंह गिल भी मौजूद रहे। मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि हर वर्ष मानसून के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के कई गांवों को बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए राहत और बचाव कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संवेदनशील स्थानों की पहचान कर समय रहते जरूरी इंतजाम पूरे किए जाएं। ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने मंडल आयुक्त संजीव वर्मा के सामने अपनी शिकायतें भी रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाके के गांव खानूवाला, रुकाली व तिहानो समेत कई गांव ऐसे हैं जहां पिछले वर्ष भी बाढ़ राहत कार्य अधूरे रह गए थे। ग्रामीणों ने मांग की कि इस बार बरसात शुरू होने से पहले ही सभी बाढ़ राहत कार्य पूरे किए जाएं।

# राष्ट्रवाद, संगठन और जनसमर्थन भाजपा के प्रमुख स्तंभ : डॉ. पूनिया

- भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने भाजपा कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

भाजपा द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल भंभौली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे जिलास्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग में दूसरे दिन पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने कायकर्ताओं का मार्ग दर्शन किया। इस दौरान दूसरे दिन प्रशिक्षण वर्ग की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की।

प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने भाजपा का इतिहास और विकास विषय पर कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा की मूल विचारधारा राष्ट्रवाद है और संगठन की रीति नीति कार्यकर्ताओं के माध्यम से आगे बढ़ती है। पूनिया ने कहा कि किसी भी संगठन की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रशिक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं का न केवल व्यक्तित्व निखरता है। बल्कि उनकी संगठनात्मक क्षमता भी कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए जनसेवा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। पूनिया ने कहा कि भाजपा की यात्रा तीन प्रमुख स्तंभों संगठन, विचार और जनसमर्थन पर आधारित है। दुनिया के राजनीतिक इतिहास में यह पहली बार हुआ जब किसी राजनीतिक दल के संरक्षक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पार्टी और राष्ट्रहित में शहादत दी।



यमुनानगर। शिविर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूनिया। फोटो : हरिभूमि



### ग्रीन पार्क एसोसिएशन ने बद्रीनाथ धाम से यात्रा करके लौटे सीनियर सिटीजन का किया स्वागत

**यमुनानगर।** उत्तराखंड स्थित बद्री नाथ धाम से यात्रा कर वापस लौटें सीनियर सिटीजन का ग्रीन पार्क सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने स्वागत किया। इस दौरान सीनियर सिटीजन ने अपने अनुभव सांझा किया। यात्रा से वापस लौटे सीनियर सिटीजन ओमप्रकाश भाटिय, सुभाष दत्ता, विनोद सेठी, ओम प्रकाश कपूर व स्वर्ण सिंह ने बताया कि भगवान बद्रीनाथ धाम की यात्रा बहुत सुखद रही। उन्होंने बताया कि बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा हुआ है। प्रशासन की तरफ से बहुत अच्छे इंतजाम किए हुए हैं। उन्होंने बताया कि सेना से सेवानिवृत्त होने एवं सीनियर सिटीजन होने का उन्हें बहुत लाभ मिला। इतनी भीड़ होने के बावजूद उन्हें आराम से दर्शन करवाए गए। दर्शन करने के बाद उन्होंने माना गांव को भी देखा। रास्ते में आने वाले अन्य धार्मिक स्थलों के भी दर्शन करने का शौभाग्य प्राप्त हुआ। खासबात यह रही कि बद्रीनाथ धाम के दर्शन करते समय भी उन्हें अपने सीनियर सिटीजन साथियों का ध्यान रहा और वह सभी के प्रसाद भी लेकर आए। इस मौके पर जगदीश मित्र दत्ता, कृष्ण लाल भाटिया, अशोक मक्कड़, सुभाष ढल, धीर सिंह सैनी, दविंद्र मेहता, नरेश मेहता, सुभाष सबरवाल व खुराना आदि मौजूद रहे ।

# श्रीकृष्ण और सुदामा की दोस्ती ने समझाई मित्र की महानताः आत्मानंद

- जठलाना के सरपंच बीर सिंह पूनिया ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

रादौर के खेड़ा मोहल्ला स्थित प्राचीन खेड़ा परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथाव्यास संत आत्मानंद पुरी ने भगवा श्रीकृष्ण और सुदामा के जीवन चरित्र का प्रसंग सुनाया। इस दौरान कथा में आयोजित भजनों का श्रवण कर श्रद्धालु आत्मविभोर हो गए।

कथाव्यास संत आत्मानंद पुरी ने फरमाया कि श्री कृष्ण और सुदामा सांदीपनि ऋषि के आश्रम में एक साथ पढ़ते थे। दोनों में गहरी मित्रता थी। एक बार गुरुमाता ने उन्हें जंगल में लकड़ियां लाने भेजा। उसी दौरान मूसलाधार बारिश होने लगी और दोनों को रात वहीं गुजारनी पड़ी। गुरुमाता ने सुदामा को खाने के लिए थोड़े चने दिए थे। सुदामा को डर था कि वह अकेले न खा जाएं। इसलिए वह श्रीकृष्ण को सोते हुए समझकर खुद ही चने खाने लगे। श्री कृष्ण ने यह देख लिया और जब सुदामा से पूछा। तो सुदामा ने अनभिज्ञता जताई। बड़े होकर श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बने। जबकि सुदामा एक बेहद गरीब ब्राह्मण बन गए।



रादौर। श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचने करते हुए कथाव्यास



### समाज कल्याण करना ही सच्ची सेवाः ज्ञानानंद

**यमुनानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में साप्ताहिक संत संकीर्तन का आयोजन किया गया। संत संकीर्तन कार्यक्रम में संस्थान के स्वामी गुरु ज्ञानानंद ने साध संगत को मानव जीवन में सेवा के महत्व को समझाया।

गुरु ज्ञानानंद ने फरमाया कि केवल मनुष्य का शरीर लेकर पैदा हो जाना ही मनुष्यता की पहचान नहीं है। वास्तविकता में हम मनुष्य तभी कहलाते हैं जब हमारे भीतर मनुष्यत्व के गुण उजागर होते हैं। इस सृष्टि में उत्पन्न कोई भी जीव जन्तु अपनी प्रकृति और स्वभाव से बंधे हुए हैं और प्रकृति द्वारा निर्धारित कार्यों में ही संलग्न रहते हैं। प्रकृति ने मनुष्य को विशेष बौद्धिक क्षमता प्रदान की है। जिससे वह चुनाव कर सकता है । लेकिन बुद्धि के भीतर सही या गलत का चुनाव करने की शक्ति को विवेक कहते हैं जो केवल सत्संग और सुसंगति से ही उजागर हो सकता है। जब विवेक जागृत होता है तभी हम अपने जीवन एवं जीवन में मिले सभी संसाधनों का सदुपयोग कर पाते हैं। आशुतोष महाराज जी कहते हैं कि विलुप्त हुई मानवता को केवल ब्रह्मज्ञान

# महर्षि कश्यप ने समाज में भाईचारा बनाए रखने का दिया संदेश : पूनिया

- कश्यप समाज ने जठलाना में मनाई महर्षि कश्यप की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

कश्यप समाज द्वारा रविवार को जठलाना में महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जठलाना के सरपंच बीर सिंह पूनिया ने भाग लिया। इस दौरान हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित सोनू शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न कराया। मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया।

मुख्यातिथि एवं जठलाना के सरपंच बीर सिंह पूनिया ने कहा कि महर्षि कश्यप ने हमें समाज को जोड़ने का संदेश दिया है। आज का यह आयोजन उसी एकता और भाईचारे की मिसाल है। पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि महर्षि कश्यप सप्तर्षियों में से एक हैं और उन्हें सभी जीव जंतुओं का पिता माना जाता है। पुराणों के अनुसार देवता, दानव, नाग, मनुष्य और पशु पक्षी सभी की उत्पत्ति महर्षि कश्यप से ही मानी गई है। यज्ञ में त्रिलोक कश्यप, कलीराम कश्यप, भूषण कश्यप, धर्म सिंह कश्यप, डॉ. रिंकू कश्यप, डॉ. धर्मेंद्र कश्यप, मंगाराम कश्यप, करण कश्यप आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### कृषि विशेषज्ञों ने टमाटर की फसल में दी रात्रि में सिंचाई की सलाह

# गर्मी की तपिश से टमाटर होने लगा बदरंग

जिले में पिछले कई दिन से पड़ रही गर्मी की तपिश से गलने लगी टमाटर की फसल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से आसमान से टपक रही आग की तपिश और गर्म हवाओं के चलने से टमाटर का लाल रंग बदरंग होने लगा है। जिससे किसान चिंतित हो उठे हैं। कारण बताया जा रहा है कि गर्मी की तपिश बढ़ने से दिनों-दिन तापमान बढ़ रहा है। जिसकी वजह से टमाटर की फसल गलने लगी है। जिससे किसानों को अपनी तैयार की हुई फसल के बर्बाद होने की आशंका सताने लगी है। उधर, कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को फसल में शाम के समय सिंचाई करने की सलाह दी।



यमुनानगर। खेत में गर्मी की वजह से बदरंग होती टमाटर की फसल।

#### दस हजार हेक्टेयर भूमि में लहलहा रही है फसल

आंकड़ों के मुताबिक जिले में इस बार करीब दस हजार हेक्टेयर भूमि में टमाटर की फसल लहलहा रही है। अधिकांश खेतों में फसल की आवक भी शुरु हो चुकी है। मगर पिछले कुछ दिन से पड़ रही तेज गर्मी से टमाटर की फसल गलने लगी है। जिससे किसानों के माथे पर पसीने की लकीरें साफ दिखाई देने लगी हैं। उधर, सब्जी उत्पादक किसान मंशाराम, बिट्टू, राजपाल, प्रदीप कुमार व जसपाल आदि का कहना है कि इस बार जहां टमाटर के दाम घटने से उन्हें प्रति एकड़ हजारों का नुक्सान हो रहा है। वहीं, भीषण गर्मी ने उनकी रही सही कमी पूरी कर दी है। उन्हें आशंका है कि यदि गर्म हवाएं और भीषण गर्मी इसी तरह पड़ती रही तो उनकी टमाटर की फसल गलकर नष्ट हो जाएगी। जिससे उन्हें प्रति एकड़ हजारों में नुक्सान होने की उम्मीद है।

#### टमाटर की फसल में तपती गर्मी में न करें सिंचाई

कृषि विशेषज्ञ डॉ. विजय पाल सहारनपुर ने बताया कि बढ़ती गर्मी में टमाटर की फसल में दिन के समय सिंचाई नहीं करनी चाहिए। फसल में सिंचाई शाम अथवा सुबह के वक्त ही करें। क्योंकि गर्मी में सिंचाई करने से भूमि का तापमान बढ़ा हुआ होता है और ऐसे में सिंचाई करने से पानी गर्म हो जाता है। जिसमें फसल गलने की संभावना बन जाती है।

### विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं और आम लोगों ने लगाई ठंडे-मीठे पानी की छबील

# पानी पिलाना केवल सामाजिक सेवा नहीं बल्कि पुरानी परंपरा-आस्था से जुड़ा कार्य



कुरुक्षेत्र। सिरसमा में छबील लगाकर सेवा करते श्रीखाटू श्याम परिवार सिरसमा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- श्रीखाटू श्याम परिवार सिरसमा हर साल लगाता है मीठे पानी की छबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से बेहाल राहगीरों को राहत देने के लिए विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं और आम लोगों द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई जा रही है। राहगीरों को रोककर उन्हें ठंडा शर्बत और पानी पिलाया जा रहा है, जो तपती गर्मी में किसी अमृत से कम नहीं है। भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए निस्वार्थ भाव से मीठे पानी, नींबू-पानी और रूह-अफ्जा वाले शरबत की छबील लगाई जा रही है। सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों, पैदल यात्रियों और जरूरतमंदों को रोककर शीतल पेय पिलाया जा रहा है। स्थानीय युवाओं, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों द्वारा बढ़-चढ़कर यह सेवा की जा रही है, जो आपसी प्रेम और सहयोग का एक बेहतरीन उदाहरण है।

श्रीखाटू श्याम परिवार सिरसमा द्वारा हर वर्ष की भाँति इस बार भी गांव सिरसमा में मीठे पानी व जलजीरे की छबील लगाई गई। छबील में श्याम बाबा का श्रृंगार कर बाबाजी को विराजित किया। छबील में ग्रामवासी व अन्य सेवादारों का विशेष योगदान रहा। प्रधान रामनिवास ने कहा कि श्रीखाटू श्याम परिवार सिरसमा द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। कहा कि जिले में हर वर्ष गर्मी के मौसम में अलग-अलग गांवों में इस प्रकार की सेवा की जाती है। उन्होंने कहा कि राहगीरों को पानी पिलाना केवल सामाजिक सेवा ही नहीं बल्कि एक पुरानी परंपरा और आस्था से भी जुड़ा हुआ कार्य है।

**ये रहे मौजूद**

छबील में संस्था से श्रीखाटू श्याम परिवार सिरसमा के प्रधान राम निवास व अन्य सदस्य विकास चुग, बलवान सिरसमा, रिंकू मथाना, सोनू मथाना, गिजयाशु राम, जितेंद्र सिरसमा, शिव कुमार, सुमित खत्री, तरुण सिरसमा, लक्की, सुमित आहुजा, अनीश भाटिया आदि सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

### संत रामानंद के शहीदी दिवस पर लगाई ठंडे जल की छबील




कुरुक्षेत्र। भीषण और चिलचिलाती गर्मी के इस मौसम में मानवता की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। इसी सेवा भावना को चरितार्थ करते हुए, रविदासिया समाज के महान मार्गदर्शक और अमर शहीद संत रामानंद महाराज जी के शहीदी दिवस के पावन उपलक्ष्य में पिपली-लाडवा रोड पर एक विशाल छबील का आयोजन किया गया। मेहरा प्रॉपर्टीज के सौजन्य से आयोजित इस छबील में राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को ठंडा व मीठा जल पिलाकर इस तपन भरे मौसम में राहत पहुंचाई गई। समाजसेवी मुकेश मेहरा ने संत रामानंद महाराज के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए कहा कि डेरा स्वामी सरवनदास सचखंड बल्लां (पंजाब) के परम पूजनीय संत रामानंद महाराज ने समाज सुधार और मानवता के कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। ऑस्ट्रिया के वियना में एक सत्संग के दौरान उपद्रवियों द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी में वे शहीद हो गए थे। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में स्थानीय सक्रिय समाजसेवियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश मेहरा, अशोक, प्रवीण, नरेश, रामकुमार, प्रताप, रिंकू सहित क्षेत्र के कई अन्य गणमान्य नागरिक और समाजसेवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जल सेवा से मिलता है पुण्यः अशोक शर्मा



कुरुक्षेत्र। पूर्व सदस्य ब्लॉक समिति अशोक शर्मा ने बताया कि पिपली की विभिन्न संस्थाओं द्वारा मिलजुलकर जल सेवा की छबील लगाई जिसमें पिपली की सामाजिक संस्थाओं का मुख्य सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि पिपली नगर वासी सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़ चढ़कर भाग लेते है और इसी भावना से सभी आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होते हैं। जल सेवा सबसे बड़ी सेवा है। इस सेवा से अनंत पुण्य फल की प्राप्ति होती है। वहीं अजय शर्मा ने बताया कि ऐसे आयोजन भाईचारा बढ़ाते है इनसे नैतिक मूल्यों और आस्था में बढ़ोतरी होती है। इस अवसर पर शशि शर्मा, सतपाल शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, इंद्र शर्मा, डॉ राकेश गौतम, अजय शर्मा, मुनीश शर्मा, सूरजभान, मनोज कुमार, हरदेव जोशी, सतपाल शर्मा पूर्व पंच, अद्वितीय शर्मा सहित गणमान्य उपस्थित रहे।



थानेसर। जनकल्याण मंच के पदाधिकारी संस्था के प्रधान दलबीर सिंह के नेतृत्व में राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## जन कल्याण मंच ने बुझाई राहगीरों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

ठंडे पानी की छबील का कार्यक्रम शहीद करतार सिंह सराभा की जयंती के उपलक्ष में श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया गया। भीषण गर्मी के चलते आज जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (समाजसेवी संस्था ने महाराणा प्रताप चौक के पास राहगीरों को ठंडा एवं मिठा पानी पिलाने के लिए मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई। छबील का शुभारंभ समाजसेवी महेंद्र शर्मा ने किया तथा जल सेवा का कार्य संस्था के समर्पित एवं निष्ठावान पदाधिकारी दलबीर सिंह मलिक, रमेश दत्त शर्मा, बलदेव सिंह सैनी, जगमोहन बंसल, रामपाल सरोहा, राजकुमार वालिया, धर्म सिंह जोगनाखेड़ा, गुलशन ग्रोवर, कुलदीप सैनी, केसी वर्मा, स्वतंत्र शर्मा, संजय शर्मा, शिव किरामच, मिहा सिंह रंगा, कुलवंत बग्गा, हरिदास चनालिया इत्यादि ने किया। भीषण गर्मी के चलते राहगीरों ने मीठा ठंडा पानी पी कर पूरी प्रसन्नता के साथ जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र समाजसेवी संस्था की खूब प्रशंसा करते दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र रजि० हरियाणा समाजसेवी संस्था हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि छबील के व्यवस्था इंचार्ज संजय शर्मा द्वारा की गई तैयारियों की सभी सदस्यों ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

**रहागीरों को पानी पिलाना गंगा नहाने से कम नहीं**

संस्था के प्रवक्ता गुलशन ग्रोवर ने कहा कि संस्था के प्रधान दलबीर सिंह मलिक हर क्षण संस्था के पदाधिकारीयों को साथ लेकर समाज सेवा के विभिन्न कार्यों में संलग्न रहते हैं। उन्होंने बताया कि संस्था के प्रधान दलबीर सिंह मलिक का कहना है कि भीषण गर्मी में रहागीरों को पानी पिलाना गंगा नहाने से कम नहीं है इसलिए सभी को जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र समाजससेवी संस्था से प्रेरणा लेकर भीषण गर्मी के चलते राहगीरों को पानी पिलाना एवं अपने घरों की छतों पर कसोरों में पानी रखना इत्यादि कार्य करना चाहिए।

### मुख्यमंत्री सैनी प्रदेश में तीन गुणा गति से करवा रहे हैं विकास कार्यः रामकुमार



कुरुक्षेत्र। चीफ व्हिप एवं इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विकास कार्यों को करवाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। प्रदेश के किसी भी कार्य को जब मुख्यमंत्री को कहा जाता है तो मुख्यमंत्री उन्हें तुरंत मंजूरी देते हैं। लाडवा के विकास में प्रदेश सरकार की तरफ से कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। शहर में तीन गुणा गति के साथ विकास कार्य करवाएं जा रही है। चीफ व्हिप एवं इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप शनिवार देर सायं लाडवा के महर्षि कश्यप चौक पर बोल रहे थे। लाडवा पहुंचने पर चीफ व्हिप एवं इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप का नगर पालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना ने पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। चीफ व्हिप एवं इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने महर्षि कश्यप चौक के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया। चीफ व्हिप एवं इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से प्रदेश का हर वर्ग खुश है। मुख्यमंत्री ने हर वर्ग के लोगों के लिए नीतियों बनाकर उन्हें सौगातें दी है। इसके परिणाम स्वरूप हर वर्ग आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 23 मई 2025 को लाडवा में महर्षि कश्यप की जयंती पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे।



### 2014 की पॉलिसी की अनुपालना में अतिथि अध्यापकों को नियमित करे सरकार : विनोद

कुरुक्षेत्र। राजकीय अनुबंधित आध्यापक संघ जिला कुरुक्षेत्र सबंधित सर्व कर्मचारी संघ की मीटिंग विनोद सैनी की अध्यक्षता मे जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे संपन्न हुई। बैठक मे निर्णय लिया गया अतिथि अध्यापको को माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशानुसार नियमित करने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापण सौंपा जाएगा व 9 जून को शिक्षा सदन पंचकुला पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। मीटिंग को संबोधित करते हुए राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के राज्य महासचिव भूपेंद्र सिंह, राज्य कार्यकारिणी सदस्य नरेश इन्द्री, सुरेंद्र पाल, सुखविन्द्र सिंह ने कहा माननीय सुप्रीम कोर्ट व माननीय हरियाणा एवं पंजाब हाईकोर्ट के निर्णय अनुसार प्रदेश के सरकारी विद्यालयों मे कार्यरत अतिथि अध्यापको को नियमित किया जाए। अध्यापक नेताओं ने बताया की माननीय पंजाब एवं हाईकोर्ट ने अपने आदेश मे कहा है कि चार सप्ताह तक नियमितीकरण की शर्तो को पूरा करने वाले अतिथि अध्यापक अपने अपने आवेदन विद्यालय मुखिया के माध्यम द्वारा शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियो के समक्ष प्रस्तुत करें।

### अधिवक्ताओं की आवाज को और मजबूती देंगे सुवीर सिद्धू : एडवोकेट अंकित गुप्ता



कुरुक्षेत्र। बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा का सदस्य बनने पर एडवोकेट अंकित गुप्ता, प्रदेश महासचिव, ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम द्वारा अधिवक्ता सुवीर सिद्धू को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि सुवीर सिद्धू का बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा का सदस्य चुना जाना अधिवक्ता समाज के लिए गर्व एवं सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि सुवीर सिद्धू लंबे समय से अधिवक्ताओं के हितों एवं अधिवक्ता समाज की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं तथा उनके अनुभव और नेतृत्व का लाभ पूरे अधिवक्ता समुदाय को मिलेगा।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सुवीर सिद्धू अपने कार्यकाल के दौरान युवा एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि सुवीर सिद्धू, पंजाब के पूर्व एडवोकेट जनरल एवं भारत सरकार के पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अनमोल रतन सिद्धू के सुपुत्र हैं। डॉ. अनमोल रतन सिद्धू विधि क्षेत्र की एक प्रतिष्ठित एवं चर्चित हस्ती हैं। सुवीर सिद्धू इससे पूर्व भी बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभा चुके हैं। इस अवसर पर मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की गई।

**न्यूज डायरी**



### 16 मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र। डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयासों से यूएसएफ कुरुक्षेत्र की 19वीं बैच की 16 शालिनियों को पानीपत इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, पानीपत में कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शालिनियों को हरपाल ढांडा द्वारा सम्मानित किया गया, जो हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के भाई एवं एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हैं। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय की शालिनियों के लिए अलग-अलग परामर्श सत्र आयोजित किए गए, जिनमें उन्हें उनके विषयों के अनुसार भविष्य में उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों, करियर विकल्पों एवं रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा शालिनियों को उनके रुचि क्षेत्र के अनुसार सही दिशा चुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। संस्थान परिसर का भ्रमण भी करवाया गया।



### स्वस्थ जीवनशैली के लिए साइकिलिंग जरूरी

थानेसर। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में रविवार को फिट इंडिया मूवमेंट एवं खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत ह्लसंडे ऑन साइकिलह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और समाज को फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित क्रश हॉल के सामने से हुई। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्वस्थ जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है और साइकिलिंग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.ए.आर. चौधरी, खेल निदेशक प्रो. डीएस राणा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. आनंद कुमार, कुटा प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. राजरतन, डॉ. अमित कुमार, डॉ. अशोक शर्मा, शैलेजा सिंह, राजेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार, हरिकेश पपोसा सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद थे।

### संस्कृति हमारे राष्ट्र की आत्मा है : देशराज शर्मा

थानेसर। विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान के महामंत्री देशराज शर्मा ने कहा कि जब व्यक्ति विचार से जुड़ता है तो आंदोलित होता है। विद्या भारती का उद्देश्य समाज परिवर्तन है। हमारा मूल कार्य वैचारिक अधिष्ठान है। उस विचार का आधार हमारी संस्कृति बोध है। संस्कृति हमारे राष्ट्र की आत्मा है। देशराज शर्मा विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की प्रांत संयोजकों की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यगोष्ठी के समापन पर देशभर से आए प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ मंचासीन संस्थान की अध्यक्षा डॉ. ममता सचदेवा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. ललित बिहारी गोस्वामी, संस्कृति बोध परियोजना के संयोजक दुर्ग सिंह राजपुरोहित भी रहे। इस अवसर पर संस्थान के सह-सचिव डॉ. पंकज शर्मा, प्रबंधक सुधीर कुमार एवं सदस्य कृष्ण कुमार भंडारी भी थे।

## पूर्व मंत्री सुधा ने बाहरी में पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया



कुरुक्षेत्र। नई पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांवों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर विकास कार्य कर रही है तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। पीने का पानी शुद्घ और स्वच्छ होगा तो नागरिकों का स्वास्थ्य बना रहेगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विभिन्न गांवों में विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि वो गांवों में नागरिकों की सुविधाओं के लिए लगातार विकास कार्य करवाते रहेंगे। सुभाष सुधा ने गांव बाहरी में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा मौजूदा पुरानी एवं खराब एसी/पीवीसी पाइपलाइन को हटाकर उसकी जगह 4744 मीटर नई पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया गया।

## माता रानी के जयकारों और भजनों से पूरी तरह भक्तिमय हुआ मां बाला सुंदरी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



शाहबाद। मां बाला सुंदरी मंदिर में आयोजित संकीर्तन में मौजूद श्रद्धालु।

जय मां बाला सुंदरी सेवादार मंडली की ओर से प्रत्येक माह की अष्टमी तिथि पर मां बाला सुंदरी मंदिर प्रांगण में भव्य संकीर्तन, दुर्गा पूजन, कंजक पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। धार्मिक कार्यक्रम मंदिर के पीठाधीश पंडित सतीश कुमार शर्मा एवं पंडित ऋषिराज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों और भजनों से पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर मां दुर्गा का गुणगान करते नजर आए। विधि-विधान से दुर्गा पूजा एवं कंजक पूजन किया गया तथा महंत मुकुंदी लाल ब्राह्मणान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसे हरदीप सिंह, राजीव गुप्ता एवं सुरेंद्र खनेजा ने प्रस्तुत किया। इसके बाद मृत्युंजय शास्त्री, सुखविंदर शर्मा और शिवम नारंग द्वारा मां दुर्गा का आवाहन किया गया। मंच संचालन राकेश अरोड़ा ने प्रभावशाली ढंग से किया। आयोजन में नगर पालिका प्रधान डॉ. गुलशन कवात्तरा, पीयूष राव, सब्जी मंडी प्रधान काला आहूजा, राजू आहूजा, आशु आहूजा, शिवम शर्मा, मनीष अग्रवाल, विशाल गुप्ता, राजीव गुप्ता, डॉ. रणजीत सिंह, मुकेश धीमान ने सहयोग किया।

### अंतरराष्ट्रीय बांसुरी वादक उस्ताद मुजतबा हुसैन ने कार्यशाला में प्रतिभागियों को किया संबोधित

# बांसुरी की साधना भगवान कृष्ण से करा सकती साक्षात्कार

- बांसुरी वादक उस्ताद मुजतबा हुसैन ने डॉ मनीश कुकरेजा के बांसुरी विद्या के प्रचार व प्रसार के प्रयासों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय बांसुरी वादक उस्ताद मुजतबा हुसैन को स्मृति चिहन भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कला परिषद् एवं जीओ गीता गुरुकुल के सहयोग से आज बांसुरी वादन कार्यशाला के 14 वें दिन मुख्य अतिथि के रूप में पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के नृत्य विभाग में कार्यरत एवं अंतरराष्ट्रीय प्रख्यात बांसुरी वादक उस्ताद डॉ मुजतबा हुसैन उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि कार्यशाला में प्रतिदिन प्रतिभागियों को किसी न किसी विद्वत जन के द्वारा आशीर्वाद दिलाया जाता है। सर्वप्रथम भगवद्गीता के स्वरूप के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने गीता मनीषी परमपूज्य स्वामी ज्ञानानंद की सूक्ष्म उपस्थिति को नमन करते हुए सभी प्रतिभागियों को बांसुरी के महत्त्व को समझाते हुए इस पर "अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम" भजन को बांसुरी पर बजाना सिखाया। इससे पूर्ण प्रशिक्षार्थियों ने अब से पूर्व बांसुरी पर किए गए अभ्यासों का प्रदर्शन किया व मधुर षड्ज स्वर लगाने के लिए सभी को पूर्णांक देते हुए मुख्य अतिथि ने सभी का उत्साहवर्धन किया। डॉ सचिंद्र कुमार ने पिछले 13 दिन से चल रही बांसुरी वादन कार्यशाला की रिपोर्ट को मुख्य अतिथि समक्ष पेश किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि उस्ताद डॉ मुजतबा हुसैन ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद देते हुए सभी को बांसुरी वादन कार्यशाला में भाग लेने पर बधाई दी व प्रतिभागियों में आजीवन बांसुरी वादन करने के लिए संकल्प लेने वालों का चयन किया। उनके द्वारा प्रतिभागियों को गुरु के प्रति सदा आदर एवं समर्पण की भावना रखने की प्रेरणा दी गई। कार्यशाला के संचालक एवं प्रशिक्षक डॉ मनीश कुकरेजा, कार्यशाला संयोजक डॉ सचिंद्र कुमार, शिक्षा अधिकारी डॉ तरुण शास्त्री सह प्रशिक्षक पवन गुंबर, पुस्तकालय अध्यक्ष वेद मिश्रा, व सहायक प्रोफेसर देवेंद्र ने मुख्य अतिथि जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों ने कार्यशाला की सराहना की व कहा कि बांसुरी वादन कार्यशाला के चौदहवें दिन उन्हें सीखने को बहुत कुछ प्राप्त हुआ है।

### श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंग

थानेसर। जय मां दुर्गा-जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा वार्ड नम्बर 20 के गुरुदेव नगर,7-बी में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में करवाई जा रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा हवन और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुई। समापन दिवस पर कथाव्यास पंडित विकास कौशिक ने सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों के साथ भागवत जी की शिक्षाएं बताई। इस दौरान काशी से सनातन शास्त्र मर्मज्ञ संत गुरुचरण दास महाराज,शुकदेव आचार्य, रुद्रपुरी महाराज प्यौदा(कैथल),आचार्य अभिषेक कुश, महंत नरेश पुरी क्योड़क (कैथल), डॉ.स्वामी शंकरानन्द सरस्वती, महंत वीरपुरी ग्योंग (कैथल), साध्वी कौशिकी और साध्वी डॉ. मोक्षिता आदि संत मंच पर विराजमान हुए। हरियाणा सरकार के पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, मुख्य यजमान एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राजेश मोदगिल, पार्षद मनिंदर सिंह छिन्दा, अटल शर्मा, मास्टर रमेश कौशिक, सदानंद शर्मा व गोपाल शर्मा ने व्यास पूजन करके सभी संतों को तिलक लगाया।



### पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी



कुरुक्षेत्र। शहीद स्मारक कुरुक्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को समर्पित प्रेरणादायक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं वीर जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन को ऊर्जा बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ एवं हरित भारत के प्रति जागरूक करना रहा। इस जागरूकता अभियान में डीपीआरओ डॉ. नरेंद्र सिंह की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही अनेक पूर्व सैनिकों एवं सम्मानित सैन्य अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। पूर्व सैनिक एवं अधिकारियों ने रैली के माध्यम से लोगों को संदेश दिया कि ऊर्जा बचाना ही भविष्य बचाना है तथा पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित पूर्व सैनिक एवं अधिकारियों में कैप्टन अशोक कुमार, सूबेदार मेजर मलकीत सिंह, हवलदार होशियार सिंह, सूबेदार रमेश कुमार, नायब सूबेदार महेंद्र सिंह सैनी, नायब सूबेदार धर्मपाल सैनी, सूबेदार गुरपाल सिंह, सूबेदार शमशेर सिंह, कैप्टन गुलजार सिंह, सूबेदार गुरनैल सिंह, सूबेदार रविंदर कौशिक, सूबेदार आर.आर. शर्मा, डीपीआरओ डॉ. नरेंद्र सिंह,वेद प्रकाश काजल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

